आईएमए पासिंग आउट परेड 2023: भारत के 343 और मित्र राष्ट्रों के 29 कैडेट्स पास आउट हुए

चर्चा में क्यों?

9 दिसंबर, 2023 को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून में पासिंग आउट परेड में 343 भारतीय कैडेट्स और बारह मित्र देशों के 29 विदेशी कैडेट पास आउट हुए। श्रीलंका के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल शैवेंद्र सिल्वा ने परेड की सलामी ली।

प्रमुख बिंदु

- भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में पासिंग आउट परेड में देश और विदेश के 372 कैडेट्स अफसर बनकर अपनी सेनाओं की मुख्य धारा में जुड़ गए। इनमें 343 अफसर भारतीय सेना को मिले।
- आईएमए की स्थापना के बाद से अब तक यहाँ से 65,234 देशी एवं विदेशी कैडेट्स पास आउट होकर अपने-अपने देश की सेना में सैन्य अधिकारी बन चुके हैं। इनमें 34 मित्र देशों की सेना के 2,914 सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं।
- विदित हो कि आईएमएम में होने वाले पासिंग आउट परेड (पीओपी) में बड़ी संख्या में उत्तराखंड के युवा अफसर निकलते हैं। आबादी में अन्य प्रदेशों से काफी छोटा होने के बाद भी अफसर देने में उत्तराखंड देशभर में पहले स्थान पर है।
- पीओपी में इस बार भी उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा कैडेट्स देने वाला राज्य बना है। उत्तर प्रदेश के 68 कैडेट्स पासआउट होकर अफसर बनेंगे। वहीं, उत्तराखंड इस बार दूसरे स्थान पर है। उत्तराखंड के 42 कैडेट्स पासआउट हुए।
- पिछली बार 20 राज्यों के कैडेट पीओपी में शामिल थे, लेकिन इस बार 27 राज्यों के कैडेट्स ने पीओपी में भाग लिया।
- **पासिंग आउट परेड में निम्नलिखित कैडेट्स को विभिन्न अवार्ड/पदक मिले-**
    - स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और गोल्ड मेडल- गौरव यादव (अवलर, राजस्थान)
    - सिल्वर मेडल- सौरभ बधानी (ग्वाल्दम चमोली, उत्तराखंड)
    - ब्रॉन्ज मेडल- आलोक सिंह (कानपुर, उत्तर प्रदेश)
    - सिल्वर मेडल (टीजीसी)- अजय पंत (रानीखेत अल्मोड़ा, उत्तराखंड)
    - **श्रेष्ठ विदेशी कैडेट-** शैलेश भट्टा (नेपाल) चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर, कोहिमा कंपनी
- **भारत सहित अन्य देशों को मिले अधिकारी-** भारत-343, भूटान-9, मालदीव-4, श्रीलंका-4, मॉरीशस-3, नेपाल-2, म्यांमार-1, बांग्लादेश-1, तजाकिस्तान-1, उज़्बेकिस्तान-1, सूडान-1, तुर्कमेनिस्तान-1, किर्गिस्तान-1

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ima-passing-out-parade-2023-343-cadets-from-india-s-29-from-overseas-passed-out